राज्य आपदा अनुक्रिया निधि (एस डी आर एफ) और राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया निधि (एन डी आर एफ) से सहायता की मदें और मानदंडों की संशोधित सूची

अवधि 2010-15, गृह मंत्रालय का दिनांक 16 जनवरी, 2012 का पत्र सं. 32-7/2011-एन डी एम -I देखें, दिनांक 21 जून 2013, 28 नवंबर, 2013 का आशोधित पत्र सं. 32-3/22013-एन डी एम-I देखें)

क्रम सं.	मद	सहायता के मानदंड
1.	**मृत व्यक्तियों के परिवारों को अनुग्रह अदायगी**	प्रति मृत व्यक्ति 1.50लाख रु. इसमे राहत कार्यों और तैयारी सबंधी कार्यों से जुड़े व्यक्ति भी शामिल हैं, बशर्ते कि उपयुक्त प्राधिकारी से मृत्यु का कारण सबंधी प्रमाणन प्राप्त हो जाए - यदि किसी भारतीय नागरिक को विदेश में अधिसूचित प्राकृतिक आपदा के कारण मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को इस राहत का भुगतान नहीं किया जाएगा । - यदि किसी विदेशी नागरिक की भारत के क्षेत्र के अंदर अधिसूचित प्राकृतिक आपदा के कारण मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को भी इस राहत राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा ।

ख)	शरीर का कोई अंग या आंख (आंखों) खो देने पर अनुग्रह भुगतान	यदि अशक्तता 40% और 80% के बीच है तो प्रति व्यक्ति 43,500रु. यदि अशक्तता 80% से अधिक है तो प्रति व्यक्ति 62,000रु. बशर्ते कि अशक्तता की सीमा और कारण के सबंध में सरकारी अस्पताल अथवा औषधालय के चिकित्सक ने प्रमाणीकरण किया हो ।
ग)	गंभीर चोट जिसमें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा हो	एक सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने पर प्रति व्यक्ति 9300रु. एक सप्ताह से कम समय के लिए अस्पताल में भर्ती रहने वाले व्यक्तियों को प्रति व्यक्ति 3100रु.
घ)	ऐसे परिवारों के लिए कपड़े और बरतन/घरेलू सामान, जिनके घर प्राकृतिक आपदा में पूरी तरह से बह गए/पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए/ एक सप्ताह से अधिक समय तक पूरी तरह बाढ़ में डूबे रहे ।	कपड़ों की हानि होने पर प्रति व्यक्ति 1300रु. बरतन/घरेलू सामान की हानि होने पर प्रति परिवार 1400रु.

ड.)	आपदा के तुरंत बाद भरण-पोषण की अत्यधिक आवश्यकता वाले परिवारों के लिए अनुग्रहिक राहत आनुग्रहिक राहत उन परिवारों को उलब्ध कराई जाएगी जिनके पास खाद्य पदार्थों का संचय नहीं है अथवा जिनके संचित खाद्य पदार्थ आपदा में पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और जिनके पास तत्काल सहायता का कोई अन्य स्रोत नहीं है ।	राहत शिविरों में न रहने वाले लोगो के लिए प्रति व्यस्क 40रु. और प्रति शिशु 30रु. । राज्य सरकार यह प्रमाणित करेगी कि i) इन व्यक्तियों के पास संचित खाद्य पदार्थ नहीं हें अथवा इनके संचित खाद्य पदार्थ आपदा में पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं, और ii) निर्धारित लाभार्थी राहत शिविरों में नहीं रह रहे हैं । और राज्य सरकार जिला-वार ऐसे लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए आधार और प्रक्रिया उपलब्ध करवाएगी । अनुग्रहिक राहत उपलब्ध कराने की अवधि राज्य कार्यकारी समिति (एस ई सी) और केंद्रीय टीम (एन डी आर एफ के मामले में) के आकलन के अनुसार होगी । सहायता की डिफाल्ट अवधि 30 दिन तक होगी जिसे पहली बार 60 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है और बाद में सूखा पड़ने/कीट-आक्रमण होने पर इसे 90 दिन तक बढ़ाया जा सकता है ।
2.	**<u>तलाशी और बचाव कार्य</u>**	
क)	तलाशी और बचाव कार्य संबंधी	किए गए वास्तविक खर्च जो एस ई सी द्वारा

	उपायों/प्रभावित लोगो को/ प्रभावित हो सकने वालों लोगों को आपदा वाली जगह से हटाने का खर्च	आकलित और केंद्रीय टीम द्वारा (एन डी आर एफ के मामले में) संस्तुत हों - जब तक केंद्रीय टीम प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने आती है, तलाशी और बचाव कार्य पूरे हो गए होते हैं । इसलिए, राज्य स्तर की समिति और केंद्रीय टीम वास्तविक/लगभग वास्तविक खर्च की सिफारिश कर सकती है ।
ख)	तत्काल राहत पहुंचाने और लोगों को बचाने के लिए नौकाएं किराए पर लेना ।	एस ई सी द्वारा आकलित और केंद्रीय अम द्वारा (एन डी आर एफ के मामले में) वास्तविक खर्च । सहायता की राशि किराए पर नौकाएं लेने और आपदा में फंसे लोगों को बचाने और एतद् द्वारा अभिनिर्धारित प्राकृतिक आपदा के दौरान लोगों की जिंदगी बचाने के लिए अपेक्षित अनिवार्य उपकरणों पर हुए वास्तविक व्यय तक सीमित होगी ।
3.	**<u>राहत संबंधी उपाय</u>**	
क)	प्रभावित/हटाए गए लोगो और राहत शिविरों में रहने वाले	एस ई सी द्वारा जरुरत के आकलन और केंद्रीय टीम (एन डीआर एफ के मामले में) की सिफारिश

	लोगों के लिए अस्थायी आवास, भोजन, कपड़ा, चिकित्सा देखभाल आदि उपलब्ध कराना ।	के अनुसार 30 दिन की अवधि के लिए एस ई सी को शिवों की संख्या, उनकी अवधि और शिविरों में व्यक्तियों की संख्या का उल्लेख करना जरुरी होगा । प्राकृतिक आपदा जैसे सूखा या भूकंप या बाढ़ आदि के कारण व्यापक विनाश के जारी रहने की स्थिति में यह अवधि 60 दिन तक बढ़ाई जा सकती है और भीषण सूखे की स्थिति में 90 दिन तक बढ़ाई जा सकती है । राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एन आर एच एम) से चिकित्सा देखरेख की व्यवस्था करवाई जा सकती है ।
ख)	अनिवार्य वस्तुओं को विमान से फेंकना	एस ई सी द्वारा जरुरत के आकलन और केंद्रीय टीम (एन डी आर एफ के मामले में) की सिफारिश के आधार पर वास्तविक खर्च के अनुसार । - सहायता की राशि केवल अनिवार्य वस्तुओं को विमान से फेंकने और बचाव कार्यों के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा बिलों में प्रस्तुत वास्तविक

		राशि तक सीमित होगी ।
ग)	ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में आपात स्थिति में पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था	एस ई सी द्वारा जरुरत के आकलन और केंद्रीय टीम द्वारा (एन डी आर एफ के मामले में) की गई सिफारिश के आधार पर वास्तविक खर्च के अनुसार 30 दिन तक और सूखे की स्थिति में 90 दिन तक बढ़ाया जा सकता है ।
4. क)	**<u>प्रभावित क्षेत्रों की सफाई</u>** सार्वजनिक क्षेत्रों से मलबा हटाना	एस डी आर एफ के तहत प्रदान की जाने वाली सहायता के लिए एस ई सी द्वारा जरुरत के आकलन के आधार पर और एन डी आर एफ के तहत प्रदान की जाने वाली सहायता के लिए केंद्रीय टीम के आकलन के अनुसार कार्य शुरु करने की तारीख से 30 दिन के अंदर वास्तविक खर्च के अनुसार ।
ख)	प्रभावित क्षेत्रों से बाढ़ का पानी निकालना	एस डी आर एफ के तहत प्रदान की जाने वाली सहायता के लिए एस ई सी द्वारा जरुरत के आकलन के आधार पर और केंद्रीय टीम (एन डी आर एफ के मामले में) के आकलन के अनुसार कार्य शुरु करने की तारीख से 30 दिन के अदर

		वास्तविक खर्च के अनुसार ।
ग)	शवों/कंकाल को ठिकाने लगाना	एस ई सी द्वारा जरुरत के आकलन और केंद्रीय टीम (एन डी आर एफ के मामले में) की सिफारिश के आधार पर वास्तविक खर्च के अनुसार ।
5.	**<u>कृषि</u>**	
i)	छोटे और बहुत छोटे किसानों के लिए सहायता	
क.	भूमि और अन्य प्रकार की हानि के लिए सहायता	
क)	कृषि भूमि की गाद हटाना (जहॉ राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी ने यह प्रमाणित किया हो कि जमा रेत/गाद 3" से अधिक मोटी है ।	प्रत्येक मद के लिए प्रति हेक्टेयर 8100/-रु.

ख) ग)	पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि भूमि से कचरा हटाना गाद हटाना/मछली फार्म का नवीकरण/मरम्मत	(इस शर्त पर कि लाभार्थी ने किसी अन्य सरकारी स्कीम के तहत कोई अन्य सहायता/सब्सिडी प्राप्त नहीं की है/प्राप्त करने का पात्र नहीं है)
घ)	भूस्खलन, हिमस्खलन, नदी का रास्ता बदलने के कारण भूमि के काफी बड़े भाग को नुकसान पहुंचना	केवल उन छोटे और बहुत छोटे किसानों के लिए 25,000रु. प्रति हेक्टेयर जिनका राजस्व रिकार्ड के अनुसार भूमि का स्वामित्व विधिसम्मत है ।
ख)	इनपुट सब्सिडी (जहां फसल की हानि 50% और उससे अधिक हुई है)	वर्षा प्रधान क्षेत्रो में 4500रु. प्रति हेक्टेयर और यह बुलाइर वाले क्षेत्रो तक सीमित है ।
क)	कृषि फसलों, उद्यान कृषि फसलों और वार्षिक बागान फसलों के लिए	सुनिश्चित सिंचाई क्षेत्रों में 9000रु. प्रति हेक्टेयर किंतु न्यूनतम सहायता 750रु. से कम नहीं होगी और यह बुआई वाले क्षेत्रों तक सीमित होगी ।
ख)	बारहमासी फसलें	सभी प्रकार की बारहमासी फसलों के लिए 12,000रु. प्रति हेक्टेयर किंतु न्यूनतम सहायता राशि कम-से-कम 1500रु. होगी ओर यह बुआई वाले क्षेत्रों तक सीमित होगी ।

ग)	रेशम उत्पादन	एरि,शहतूत, टसर के लिए 3200रु. प्रति हेक्टेयर मूगा के लिए 4000रु. प्रति हेक्टेयर
ii)	छोटे और बहुत छोटे किसानों से भिन्न किसानों के लिए इनपुट सब्सिडी	वर्षा प्रधान क्षेत्रों में 4500रु. प्रति हेक्टेयर और यह बुआई वाले क्षेत्रों तक सीमित है । - सुनिश्चित सिंचाइर वाले क्षेत्रों के लिए 9000रु. प्रति हेक्टेयर है और यह बुआई वाले क्षेत्रों तक सीमित ह । - सभी प्रकार की बारहमासी फसलों के लिए 12,000रु. प्रति हेक्टेयर है और यह बुआई वाले क्षेत्रों तक सीमित है । - जहां सस्य हानि 50% और उससे अधिक हो वहां सहायता दी जाएगी किंतु अधिकतम सहायता प्रति किसान 1 हेक्टेयर तक दी जाएगी और जोत क्षेत्र का आकार चाहे कितना भी क्यों न हो । उसके बाद होने वाली आपदाओं की स्थिति में प्रति किसान 2 हेक्टेयर तक होगी ।

6.	**<u>पशु पालन-छोटे और बहुत छोटे किसानों को सहायता</u>**	
i)	दुधारु पशुओं, भारवाही पशुओं अथवा बोझा ढोने के लिए इस्तेमाल में आने वाले पशुओं को बदलना	**<u>दुधारु पशु</u>** 16,400रु. - भैंस/गाय/ऊंट/याक आदि 1650रु. - भेड़/बकरी **<u>भारवाही पशु</u>** 15,000रु. - ऊंट/घोड़ा/बैल आदि 10,000रु. - बछड़ा/गधा/ट्टू/खच्चर यह सहायता आर्थिक रुप से लाभकारी पशुओं की हानि के लिए ही दी जाएगी । और प्रति परिवार 1 बड़े दुधारु पशु अथवा 4 छोटे दुधारु पशु अथवा 1 बड़े भारवाही पशु अथवा 2 छोटे भारवाही पशुओं तक सीमित होगी, भले ही उस परिवार को कई पशुओं की हानि हुई हो । (इस हानि को राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा । **<u>मुर्गीपालन:-</u>** प्रति पक्षी 37रु. की दर से सहायता दी जाएगी किंतु अधिकतम सहायता राशि प्रति लाभार्थी

		परिवार 400रु. होगी और पोटट्री पशुओं की मृत्यु प्राकृतिक आपदा के कारण हुई हो । टिप्पणी:- किसी अन्य सरकारी स्कीम से सहायता लेने वाला परिवार इन मानदंडों के तहत राहत के लिए पात्र नहीं है, उदाहरणार्थ एविअन इफ्ल्यूएंजा अथवा किसी अन्य बीमारी के कारण पक्षियों के मर जाने पर जिसके लिए पशु पालन विभाग की मुर्गी पालन मालिकों को क्षतिपूर्ति के लिए एक अलग स्कीम है ।
ii)	पशु शिविरों में जलापूर्ति और औषधियों सहित चारे/पशु खाद्य पदार्थों की व्यवस्था	बड़े पशु - प्रति दिन 50रु. छोटे पशु - प्रति दिन 25रु. राहत प्रदान करने की अवधि राज्य कार्यकारी समिति (एस ई सी) और केंद्रीय अम (एन डी आर एफ के मामले में) के आकलन के अनुसार होगी । सहायता की डिफॉल्ट अवधि 30 दिन तक होगी जिसे पहली बार 60 दिन तक बढ़ाया जा सकेगा और भीषण सूखे के मामले में 90 दिन तक बढ़ाई जा सकती है ।

		यह सहायता एस ई सी द्वारा जरुरत के आकलन और पशु गणना के अनुसार पशुओं के आकलन के अनुरुप केंद्रीय टीम की सिफारिशों (एन डी आर एफ के मामले में) पर आधारित होगी लेकिन इसके लिए औषधि और टीके की आवश्यकता आपदा के कारण हुई है इस के बारे में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।
iii)	पशु शिविर के बाहर पशुओं के लिए चारा पहुंचना	एस ई सी द्वारा आवश्यकता के आकलन और पशु गणना के अनुसार पशुओं के आकलन के अनुरुप केंद्रीय टीम (एन डी आर एफ के मामले में) की सिफारिशों के आधार पर परिवहन की वास्तविक लागत के अनुसार
7.	**<u>मछली - पालन</u>**	
i)	क्षतिग्रस्त अथवा नष्ट हुई नौका, नेट की मरम्मत/बदलने के लिए मछुआरे को सहायता - नाव	केवल आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त नौकाओं की मरम्मत के लिए 3000रु. आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त नेट की मरम्मत के लिए - 1500रु. पूरी तरह से क्षतिग्रस्त नौकाओं को बदलने के

	- छोटी डोंगी - बेड़ा - नेट (यदि कोई लाभार्थी किसी अन्य सरकारी स्कीम के तहत अचानक आने वाली आपदा के लिए किसी सब्सिडी/सहायता के लिए पात्र है या उसने वह सब्सिडी/सहायता ली है तो उसे यह सहायता नहीं दी जाएगी ।	लिए - 7000रु. पूरी तरह से क्षतिग्रस्त नेट को बदलने के लिए 1850रु.
ii)	फिश सीड फार्म के लिए इनपुट सब्सिडी	6000रु. प्रति हेक्टेयर (यदि कोई लाभार्थी किसी अन्य सरकारी स्कीम के तहत अचानक आने वाली आपदा के लिए किसी सब्सिडी/सहायता का पात्र है या उसने वह सब्सिडी/सहायता ली हैं तो उसे यह सहायता नहीं दी जाएगी किंतु पशु-पालन एवं डेयरी तथा मछली पालन विभाग, कृषि मंत्रालय की स्कीम के तहत दी गई एक बार दी जाने वाली सब्सिडी लेने वाले लाभार्थी को यह

		सहायता दी जाएगी ।
8.	**<u>हस्तशिल्प/हथकरघा - कारीगरों को सहायता</u>** i) क्षतिग्रस्त औजार/ उपकरणों को बदलने के लिए ii) कच्चे माल/प्रक्रियागत माल/तैयार माल की हानि के लिए	उपकरणों के लिए प्रति कारीगर 3000रु. - बशर्ते कि सरकार द्वारा निर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी ने उनकी क्षति और उन्हें बदलने के लिए प्रमाणपत्र दिया हो । कच्चे माल के लिए प्रति कारीगर 3000रु. - लेकिन राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी से क्षति और उसे बदलने के लिए प्राप्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।
9.	**<u>आवास</u>**	
क)	**<u>पूरी तरह क्षतिग्रस्त/नष्ट हुए घर</u>**	मैदानी क्षेत्रों में प्रति मकान 70,000रु.
i)	पक्का घर	एकीकृत कार्य योजना (आई ए पी) जिलों सहित पर्वतीय क्षेत्रो में प्रति मकान 75,000रु.
ii)	कच्चा घर	प्रति मकान 17,600रु.
ख)	**<u>गंभीर रुप से क्षतिग्रस्त घर</u>**	
i)	पक्का घर	प्रति मकान 12,600रु.
ii)	कच्चा घर	प्रति मकान 3800रु.

ग)	**<u>आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त घर</u>**	
i)	पक्का घर (झोपड़ी को छोड़कर) जहां कम-से-कम 15% क्षति हुई है	प्रति मकान 3800रु.
ii)	कच्चा घर (झोपड़ी से भिन्न) जहां कम-से-कम 15% क्षति हुई है	प्रति मकान 2300रु.
घ)	क्षतिग्रस्त/नष्ट हुई झोंपड़ियां	प्रति झौंपड़ी 3000रु. (झोपड़ी से अर्थ है - अस्थायी यूनिट एक जगह से हटकर दूसरी जगह बनाई जाने वाली यूनिट, कच्चे घर से निम्न श्रेणी का फूस, गोबर, प्लास्टिक शीट आदि से बना घर जिसे राज्य/जिला प्राधिकरण ने पारंपरिक रुप से झौंपड़ी नाम दिया हो) **<u>टिप्पणी:-</u>** क्षतिग्रस्त मकान राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत् प्रमाणित प्राधिकृत मकान होना चाहिए ।
ड.)	घर के साथ लगा पशुओं का शेड	प्रति शेड 1500रु.

10.	**<u>बुनियादी सुविधाएं</u>** क्षतिग्रस्त बुनियादी सुविधाओं की मरम्मत/नवीनीकरण (तत्काल स्वरुप की): 1) सड़क और पुल (2) पेय जल आपूर्ति संबंधी निर्माण कार्य (3) सिंचाई (4) पॉवर (प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को तुरंत बहाल करने तक सीमित), (5) विद्यालय, (6) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (7) पंचायत द्वारा अधिकृत सामुदायिक आस्तियॉ ।	**<u>तत्काल स्वरुप के कार्य:</u>** ऐसे कार्यों की निदर्शात्मक सूची संलग्न परिशिष्ट में दी गई है जिन्हें तत्काल स्वरुप के क्रियाकलाप माना जा सकता है । आवश्यकताओं का आकलन : एस ई सी द्वारा राज्यों के अनुसार आवश्कयता के आकलन, मरम्मत के खर्च/दरें/अनुसूची के अनुसार आकलन पर और केंद्रीय टीम (एन डी आर एफ के मामले में) की सिफारिश पर आधारित
	दूरसंचार और पॉवर (तुरंत विद्युत आपूर्ति बहाल करने को छोड़कर जैसे क्षेत्रों को छोड़ दिया गया है) जो अपना राजस्व स्वंय एकत्र करते हैं	सड़कों की मरम्मत के संबंध में भारी वर्षा/बाढ़, चक्रवात, भूस्खलन, बालू टिब्बों आदि से प्रभावित क्षेत्रों में यातायात की पुनर्बहाली के लिए सड़कों की मरम्मत करने हेतु समय समय पर यथासंशोधित भारतीय सड़क अनुरक्षण मानदंड

	और अपनी निधि संसाधनों से तत्काल मरम्मत/नवीकरण का काम भी करते हैं ।	2001 को पूर्णतया ध्यान में रखा जाएगा । संदर्भ के लिए ये मानदंड इस प्रकार हैं: - **सामान्य और शहरी क्षेत्र:** सामान्य मरम्मत (ओ आर) और आवधिक मरम्मत (पी आर) के जोड़ के 15% तक - **पर्वतीय क्षेत्र :** साधारण मरम्मत और आवधिक मरम्मत के जोड़ के 20% तक **टिप्पणी:-** राज्य सबसे पहले नियमित मरम्मत और रख-रखाव के लिए बजट में किए गए प्रावधान का इस्तेमाल करेंगे ।
11.	**प्रापण** आपदा की प्रतिक्रिया स्वरुप संचार उपकरणों सहित अनिवार्य तलाशी, बचाव और निर्वात उपकरणों की खरीद	- राज्य कार्यकारी समिति (एस ई सी) द्वारा आकलित के अनुसार केवल एस डी आर एफ (एन डी आर एफ से नहीं) से व्यय किया जाएगा । - इस मद पर कुल व्यय एस डी आर एफ के वार्षिक आबंटन का अधिकतम 5% होना चाहिए ।

परिशिष्ट

(मद सं. 10)

तत्काल स्वरुप के रुप में निर्दिष्ट कार्यकलापों की निर्दर्शात्मक सूची

1. पेय जल आपूर्ति:

i) हैंड पंप/रिंग वेल्स/स्प्रिंग - टैप्ड चैंबर्स/पब्लिक स्टैंड पोस्ट, कुंड के क्षतिग्रस्त चबूतरों की मरम्मत ।

ii) क्षतिग्रस्त स्टैंड पोस्ट की मरम्मत जिसमें क्षतिग्रस्त पाइप के स्थान पर नई पाइप लगाना, शुद्ध पानी के जलाशयों की सफाई (इसे लीक प्रफू (पानी का रिसाव न हो) बनाने के लिए)

iii) क्षतिग्रस्त पंपिंग मशीन, छत पर लगी पानी की टंकियों के रिसाव और जल पंप की मरम्मत, जिसमें क्षतिग्रस्त इन्टेक-स्ट्रक्चर, ग्रैंट्रीज/जेट्टी तक पहुंचने का मार्ग शामिल है ।

2. सड़कें

i) दरार और सड़क के गड्ढे भरना, जलमार्ग बनाने के लिए पाइप का इस्तेमाल, तटबंधों की मरम्मत और पत्थर लगाना ।

ii) टूटी हुई भूमिगत नालियों की मरम्मत ।

iii) टूटे हुए पुल/पूरी तरह से नष्ट पुलों का मलबा हटाना ताकि तुरंत कनेक्टिविटी बहाल की जा सके ।

iv) पुल/पुलों के बांध तक के मार्ग की अस्थायी मरम्मत, क्षतिग्रस्त रेलिंग पुलों की मरम्मत, सेतु की मरम्मत ताकि तुरंत कनेक्टिविट बहाल की जा सके, ग्रेनुलर सब बेस, बहुत अधिक क्षतिग्रस्त सड़कों की अस्थायी मरम्मत करना ताकि यातायात बहाल किया जा सके ।

3. सिंचाई :

i) क्षतिग्रस्त नहरों, मिट्टी/ईंट से बने टैंक और छोटे जलाशयो की सीमेंट, रेत और पत्थर से तत्काल मरम्मत ।

ii) पाइप अथवा बांध की दीवारों/सेतु में चूहों द्वारा किए गए छेदों जैसे कमजोर स्थानों की मरम्मत ।

iii) नहर और जल निकासी व्यवस्था से वानस्पतिक सामग्री/निर्माण सामग्री/कचरा निकालना ।

4. <u>स्वास्थ्य :</u>

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के क्षतिग्रस्त रास्तों, भवनों ओर विद्युत लाइनो की मरम्मत ।

5. <u>पंचायत की सामुदायिक आस्तियॉ</u>

क) गांव की आंतरिक सड़कों की मरम्मत ।

ख) जल-निकासी/मल-निकास लाइनों से मलबा हटाना ।

ग) आंतरिक जलापूर्ति लाइनों की मरम्मत ।

घ) स्ट्रीट लाइट की मरम्मत ।

ङ) प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत घरों, सामुदायिक हॉल, आंगनवाड़ी आदि की अस्थायी मरम्मत ।

कार्यबल की सिफारिशों पर जनमत मांगते हुए आपदा

प्रबंधन अधिनियम, 2005 की समीक्षा करने

के लिए गठित कार्यबल की रिपोर्ट

कृषि और सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व सचिव और वर्तमान में गुजरात विद्युत विनियामक आयोग, गुजरात के अध्यक्ष डा0 पी0 के0 मिश्रा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की समीक्षा करने के लिए एक कार्य बल का गठन किया गया था । कार्य बल ने बैठकों, क्षैत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं के माध्यम से सरकारी संगठनों, यू एन डी पी, गैर-सरकारी संगठनों और अन्य पण्यधारकों के साथ कई बार विस्तृत और व्यापक परामर्श किया और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जो www.mha.gor.in लिंक पर उपलब्ध है ।

कार्य बल की रिपोर्ट

कार्य बल की सिफारिशों पर सुझाव/टिप्पणियॉ निम्नलिखित पते पर मांगी गई है:-

अवर सचिव (डी एम ।।)

आपदा प्रबंधन प्रभाग

गृह मंत्रालय

सी विंग, तीसरी मंजिल,

एन डी सी सी -।। बिल्डिंग, जय सिंह रोड,

नई दिल्ली-110001

टेलीफैक्स - 011-23438071

Usdm2-mha@nic.in

"सुझाव/इन्पुट देने की अंतिम तिथि 31.01.2014 है"

कार्य बल की रिपोर्ट

आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की

समीक्षा

गृह मंत्रालय

भारत सरकार

मार्च 2013

विषय-वस्तु

प्रस्तावना

संक्षिप्तियाँ

कार्य का सारांश

1.0 कार्य बल समीक्षा: संदर्भ, पद्धति और कार्यविधि

1.1 परिचय

1.2 संदर्भ और औचित्य

1.3 कार्य बल का गठन और विचारार्थ विषय

1.3.1 कार्य बल में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं

1.3.2 कार्य बल के विचारार्थ विषय

1.4 पद्धति और कार्यविधि

1.5 रिपोर्ट का स्वरुप

2.0 भारत में आपदा प्रबंधन के लिए विधिक ढांचे का विकास

2.1 परिचय

2.2 आपदा प्रबंधन कानून में हाल ही का विश्वव्यापी रुख

2.3 भारत में आपदा प्रबंधन कानून बनाना

2.4 संवैधानिक उपबंध

2.5 विधिक ढांचा

3.0 आपदा प्रबंधन कानून की बेहतरीन प्रक्रियाएं : विश्वव्यापी समीक्षा

3.1 परिचय

3.2 विश्व के चुनिंदा विकसित और विकासशील देशों के कानूनों की समीक्षा

3.2.3 क्वींसलैंड, आस्ट्रेलिया: आपदा प्रबंधन कानून की आवश्यकता के लिए अनुकरणीय प्रतिक्रिया,

3.2.4 दक्षिण अफ्रीका : आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2002

3.2.5 श्रीलंका : आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2006

3.2.6 सेंट लुशिआ: आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2006

3.2.7 थाईलैंड: आपदा निवारण और प्रशमन अधिनियम, 2007

3.2.8 इंडोनेशया गणतंत्र की आपदा प्रबंधन संबंधी विधि 2007 का नं. 24

3.2.9 फिलिपिन्स: आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन अधिनियम, 2010

3.2.10 जापान: जापान डिजास्टर काउंटर मेजर्स बेसिक एक्ट 1997

3.2.11 यथासंशोधित रॉबर्ट टी स्टैफार्ड आपदा राहत और आपात सहायता अधिनियम और संबंधित प्राधिकरण, फेमा 592, जून, 2007 और पोस्ट-कैटरीना एमरजेंसी मेनेजमेंट रिफार्मर एकक्ट, 2002

3.2.12 न्यूजीलैंड: सिविल डिफेंस एंड एमरजैसी मेनेजमेंट एक्ट 2002

3.2.13 एंटीगुआ एंड बारबुडा डिजास्टर मेनेजमेंट एक्ट, 2002

3.3 भिन्न-भिन्न देशों के मुख्य बिंदु

3.3.6 आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए संस्थागत और विधिक प्रणाली के सामान्य सिद्धांत

3.4 निष्कर्ष - सार

4.0 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में परिकल्पित राष्ट्रीय स्तरीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा

4.1 परिचय

4.2 आपदा प्रबंधन अध्नियम 2005 से पूर्व संस्थागत व्यवस्था

4.3 आपदा प्रबंधन अध्नियम 2005 में परिकल्पित संस्थागत संरचना

4.4.1 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

4.3.2 राष्ट्रीय कार्यकारी समिति

4.3.3 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान

4.3.4 राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल

4.3.5 भारत सरकार के मंत्रालयों की भूमिका, जिम्मेदारियां और कार्य

4.4 क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर के परामर्श के दौरान हितधारकों के वचार और सुझाव

4.4.2 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

4.4.3 राष्ट्रीय कार्यकारी समित

4.4.4 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान

4.4.5 राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल

4.5 राष्ट्रीय स्सतरीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली का अवलोकन

4.6 अधिनियम के मौजूदा उपबंधों को बेतहर बनाने के लिए विकल्पों का पता लगाना और सुझाव तैयार करने संबंधी

5.0 **राज्य, जिला और स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन संस्थाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा**

5.1 परिचय

5.2 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 से पूर्व संस्थागत व्यवस्थाएं

5.3 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में उल्लिखित संस्थागत संरचना

5.3.1 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

5.3.2 राज्य कार्यकारी समिति

5.3.3 जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

5.4 क्षेत्रीय और राष्ट्रीय परामर्श के दौरान हितधारकों के विचार और सुझाव

5.4.1 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य कार्यकारी समिति

5.4.2 जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

5.4.3 स्थानीय प्राधिकरण

5.5 राज्य और जिला स्तरीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली का विश्लेषण और सिफारिशें

5.5.1 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य कार्यकारी समिति

5.5.2 जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

5.5.3 स्थानीय प्राधिकरण

6.0 **सरकार की भूमिका और वित्तीय व्यवस्थाएं**

6.1 परिचय

6.2 केंद्र सरकार की भूमिका

6.3 राज्य सरकार की भूमिका

6.4 आपदा प्रबंधन योजनाएं तैयार करना

6.5 आपदा प्रबंधन योजनाएं तैयार करने संबंधी सिफारिशें

6.6 वित्तीय व्यवस्था

6.6.1 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 से पूर्व वित्तीय व्यवस्था

6.6.2 अधिनियम में परिकल्पित अनुसार आपदा प्रबंधन का वित्तीयन

6.6.3 परामर्श के दौरान हितधारकों के विचार

6.6.4 अधिनियम के उपबंधों की समीक्षा और सिफारिशें प्रतिपदित

6.6.5 उपबंधों की कुछ सीमाएं

6.6.6 अधिनियम के वित्त संबंधी उपबंधों पर सिफारिशें

7.0 **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अन्य उपबंध**

7.1 परिचय

7.2 परामर्श के दौरान हितधारकों के विचार

7.3 कार्य बल की सिफारिशें

8.0 **कार्य बल की सिफारिशों का सारांश**

8.1 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारण (एन डी एम ए) की भूमिका और कार्य (पैरा 4.6.2.6.1 से 4.6.2.6.4)

8.2 एन डी एम ए की संरचना (पैरा 4.6.2.6.5 से 4.6.2.6.3)

8.3 उच्च स्तरीय समिति (एच सी एल) (पैरा 4.6.2.6.9)

8.4 राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एन ई सी) (पैरा 4.6.3 से 4.6.3.3.3)

8.5 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एन आई डी एम) (पैरा4.6.4 से 4.6.4.4)

8.6 राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल (एन डी आर एफ) (पैरा 4.6.5 से 4.6.5.3.6)

8.7 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एस डी एम ए) (पैरा 5.5.1.1 से 5.5.1.5)

8.8. राज्य कार्यकारी समिति (एस ई सी) (पैरा 5.5.1.6 से 5.5.1.8)

8.9 जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एस डी एम ए) (पैरा 5.5.2 से 5.5.2.5.5)

8.10 स्थानीय प्राधिकरण (पैरा 5.5.3 से 5.5.3.3.3)

8.11 आपदा प्रबंधन योजनाएं तैयार करना (पैरा 6.4 से 6.5.8)

8.12 अधिनियम के वित्तीय उपबंध (पैरा 6.6.3 से 6.7.4)

8.13 अधिनियम के अन्य उपबंध (पैश्रा 7.2.1 से 7.3.18)

8.14 प्रस्तावित अतिरिक्त उपबंध

8.15 जोखिम अंतरण और बीमा

8.16 मानव संसाधन सबंधी दृष्टिकोण

संलग्नक - । कार्यालय ज्ञापन: आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की समीक्षा के लिए कार्य बल का गठन

संलग्नक - ।। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की समीक्षज्ञ के लिए प्रश्नावली

<u>बॉक्सों की सूची</u>

1.1 कार्य-बल के विचारार्थ विषय

1.2 कार्य-बल द्वारा अपनाई गई कार्यविधि

2.1 वर्तमान विश्वव्यापी रुख

2.2 कानून और विनियमों की भूमिका

2.3 भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण मुद्दों से संबंधित अधिनियम और नियमावली

2.4 भारत में आपदा प्रबंधन विधि के घटना-क्रम का विकास

3.1 क्वींस लैंड, ऑस्ट्रेलिया

3.2 दक्षिण अफ्रीका : आपदा प्रबंधन अधिनियम 2002

3.3 श्रीलंका : आपदा प्रबंधन अधिनियम 2002

3.4 सेंट लुशिआ : आपदा प्रबंधन अधिनियम 2002

3.5 थाईलैंड : आपदा निवारण और प्रशमन अधिनियम, 2007

3.6 इंडोनेशिया गणतंत्र की आपदा प्रबंध्न संबंधी विधि 2007 कंसर्निंग डिजास्टर मेनेजमेंट

3.7 दि फिलिपिन्स : आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन अधिनियम, 2010

3.8 जापान : डिजास्टर काउंटर मेजर बेसिक एक्ट 1997

3.9 यथासंशोधित रॉबर्ट टी. स्टैफार्ड आपदा राहत और आपात सहायता अधिनियम और संबंधित प्राधिकरण, फेमा 592, जून, 2007 और पोस्ट कैटरीना एमरजेंसी मेनेजमेंट रिफार्म एक्ट 2002

3.10 बोलिविअन लॉ, 2000

3.11 हाईलाइट्स ऑफ दि यू एन डी पी स्टडी ऑफ बेस्ट प्रेक्टिसिब

4.1 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 से पूर्व राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं

4.2 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में परिकल्पित राष्ट्रीय स्तर की संस्थागत संरचना

4.3 परामर्श के दौरान हितधारकों के विचार

4.4 दूसरे देशों में राष्ट्रीय स्तर की आपदा प्रबंधन संरचनाओं का ढांचा

4.5 एन डी एम ए पर कार्य बल का परिप्रेक्ष्य

4.6 एन डी एम ए का पुनर्गठन

5.1 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 से पूर्व राज्य और जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए संस्थागत व्यवस्था

5.2 आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में परिकल्पित राज्य और जिला स्तर की संस्थागत संरचना

5.3 परामर्श के दौरान हितधारकों के विचार

5.4 डी डी एम ए और स्थानीय प्राधिकरणों के संबंध में हितधारकों के विचार

5.5 एस डी एम ए का पुनर्गठन

5.6 डी डी एम ए का पुनर्गठन

5.7 स्थानीय प्राधिकरणों की भूमिका

6.1 आपदा प्रबंधन में सरकार की भूमिका

6.2 आपदा प्रबंधन योजनाए तैयार करना

6.3 अधिनियम से पूर्ण वित्त व्यवस्था

6.4 अधिनियम में उल्लिखित वित्तीय कार्यप्रणाली

6.5 वित्तीय व्यवस्था पर हितधारकों के विचार

6.6 फिलिपिन्स में वर्तमान आपदा प्रबंधन कानून में आपदा प्रबंधन के लिए वित्तीय प्रावधान

6.7 दक्षिण अफ्रीका और कोलंबिया में आपदा प्रबंधन के लिए वित्तीय प्रावधान

7.1 अधिनियम में नए उपबंधों के लिए हितधारकों के सुझाव

<u>प्रस्तावना</u>

यह रिपोर्ट आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की व्यापक समीक्षा है जिसके द्वारा भारत में आपदा प्रबंधन के लिए पहली बार विधिक ढांचा प्रस्तुत किया गया है । यह अधिनियम के उपबंधों का विश्लेषण है न कि देश में आपदा प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन । आपदा प्रबंधन संगठनों की संरचना और कार्यप्रणाली से संबंधित चर्चा का मुख्य उद्देश्य अधिनियम के संगत उपबंधों के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों का विश्लेषण करना है ।

जैसा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में उल्लेखित है, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर कई नए संगठन/संस्थाएं बनाई गई हैं । उनमें से कुछ ने बहुत अच्छा काम किया है । उदाहरणार्थ राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रशमन और तैयारी के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं । राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल ने आपदा की स्थिति में तलाशी और बचाव कार्य करके गहरी छाप छोड़ी है । कुछ राज्यों में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने काफी उपलब्धियां हासिल की हैं किंतु वास्तविकता यह है कि प्रत्येक स्तर पर इन संस्थाओं का कार्यसंचालन उनकी भूमिका स्पष्ट न होने और संरचनात्मक विषमताओं, मानव संसाधनों की कमी और पर्याप्त बुनियादी सुविधा न होने के कारण बाधित होता है । अधिनियम के कुछ उपबंध भी उनके कार्यान्वयन की समस्याओं को बढ़ाते हैं । इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि अधिनियम में जो कुछ कहा गया है उसे अभी हासिल किया जाना बाकी है । अधिकांश मामलों में, नई

संस्थाओं ने कोई भी सराहनीय कार्य नहीं किया है उनमें से कुछ तो काम ही नहीं कर रही हैं । जबकि संस्थागत व्यवस्थाएं जो अधिनियम से पूर्व थी अभी भी वही व्यवस्थाएं हैं । कहना न होगा कि इससे भ्रामक स्थिति उत्पन्न हुई है । कार्य बल ने इस महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए प्रयास किए हैं, यद्यपि ये प्रयास अधिनियम के उपबंधों तक सीमित हैं ।

इस संबंध में समय-समय पर कानून, विनियम और सहिताएं बनाई गई हैं । विधि ने पर्यावरण, स्वास्थ्य और वित्त जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए और अन्य क्षेत्रों में व्यापक आर्थिक विकास के लिए औपचारिक आधार प्रदान किया है । विनियमों और संहिताओं में विशेष मानदंड और प्रक्रियाएं निर्धारित की गई है । ऐसे कई कानून, विनियम और संहिताएं हैं यद्यपि क्षेत्रीय कार्याकलापों से संबद्ध हैं लेकिन आपदा प्रबंधन से भी सम्बद्ध हैं । तथापि पिछले कुछ दशक से आपदा प्रबंधन पर मूलभूत कानून बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है जो कि व्यापक हो और समग्र रुप से इसी क्षेत्र के लिए हो । इस संबंध में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 मील का पत्थर साबित हुआ है क्योंकि इसमें प्रशमन, तैयारी, अनुक्रिया, विभिन्न क्षेत्रों में बहाली और पुनर्निर्माण से संबंधित आपदा प्रबंधन कार्याकलापों के लिए विधिक आधार प्रदान किया गया है । अधिनियम में राष्ट्रीय, राज्य, जिला और स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक संरचनाओं और वित्त व्यवस्था की भी रुपरेखा दी गई है ।

अधिनियम के कार्यान्वयन के दौरान कई राज्यों ने कुछ समस्याओं और अवरोधों के प्रति केंद्रीय गृह मंत्रालय का ध्यान आकर्षित किया है । अतएवं भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की समीक्षा करने के लिए 23 दिसंबर, 2010 को कार्य बल गठित किया । इसके विचारार्थ विषयों के अनुसार कार्य बल से यह अपेक्षित था कि वे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों अन्यं प्रणधारियों के साथ चर्चा के दौरान सामने आए सुझावों के आधार पर अधिनियम में अनिवार्य संशोधन करने, यदि काई हो, का सुझाव दें । इस समीक्षा के एक भाग में चुने हुए देशों में आपदा प्रबंधन कानूनों का अध्ययन करना था ताकि उनमें से बेहतर पद्धतियों को छांट कर भारतीय संदर्भ में उन्हें अपनाया जा सके ।

कार्य बल ने कई बार व्यापक और विस्तृत परामर्श किया । उन्होंने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर सरकारी संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों और अन्य पणधारियों के साथ कई कार्यशालाएं और चर्चा की हैं । कार्य बल द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण और कार्यविधि का इस रिपोर्ट के अध्याय 1 में उल्लेख किया गया है ।

रिपोर्ट के प्रत्येक अध्याय में व्यापक विषय अथवा पहलू के बारे में चर्चा की गई है । उदाहरणार्थ, अध्याय 4 में अधिनियम में उल्लिखित के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर संगठनात्मक ढांचों की भूमिका दायित्वों और कार्य संचालन की समलोचनात्मक जांच का उल्लेख किया गया है ताकि संगत उपबंधों के कार्यान्वयन संबंधी मुद्दों को हल किया जा सके। अध्याय 5 राज्य, जिला और स्थानीय स्तर के संगठनात्मक ढांचों से संबंधित है। अध्याय 6 में सरकार की

भूमिका और दायित्व तथा अधिनियम द्वारा निर्धारित वित्तीय व्यवस्था का उल्लेख है।

हमने अधिनियम के संगत उपबंधों की रूपरेखा बनाम अधिनियम से पूर्ण की विद्यमान संस्थागत व्यवस्थाओं से शुरूआत करते हुए प्रत्येक अध्याय को निश्चित स्वरूप देने का प्रयास किया है। रूपरेखा के बाद बहुत से परामर्श के दौरान उभर कर आए फीडबैक, विचारों और सुझावों का संक्षिप्त विवरण है। फीडबैक के बाद संस्थागत ढ़ांचे की कार्यप्रणाली की विश्लेषणात्मक समीक्षा और अधिनियम के संगत उपबंधों का कार्यान्वयन आता है। विश्लेषण में बेहतर कार्यसंचालन प्रणाली के विकल्पों का पता लगाने और उपबंधों में अपेक्षित संशोधन करने के प्रयास का उल्लेख है। अंतत कार्यबल द्वारा की गइर सिफारिशों से अध्याय की समाप्ति की गई है।

कुछ अध्यायों में, भिन्न-भिन्न खंडों में सिफारिशों को सूचीबद्ध किया गया है किंतु उन्हें अध्याय के अंत में एक साथ दोहराया गया है। रिपोर्ट के अंतिम अध्याय में कार्यबल की सभी सिफारिशों को एक साथ समेकित रूप से प्रस्तुत किया गया है। यद्यपि इस प्रक्रिया में कुछ हद तक पुनरावृत्ति होती है लेकिन इसका उद्देश्य इस रिपोर्ट के उपयोक्ता द्वारा अपने विशिष्ट प्रयोजन के आधार पर आसानी से किसी सिफारिश को प्राप्त करना है।

यह कार्य बल क्रमश: पूर्व और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री श्री पी. चिदंबरम और श्री सुशील कुमार शिंदे के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता है। जिन्होंने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की समीक्षा की प्रक्रिया शुरू की और उसमें तेजी लाने में सहयोग दिया।

इसके सार का अन्वेषण करने के दौरान कार्यबल ने श्री शाशिधर रेड्डी उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सदस्य, एन डी एम ए साथ ही श्री बी. भट्टाचार्य, श्री जे के सिन्हा, श्री के एम सिंह, मेजर जनरल जे के बंसल, श्रीटी. नंदा कुमार, डॉ. मुजफ्फर अहमद, प्रोफेसर हर्ष के गुप्ता और श्री वी के दुग्गल के साथ परस्पर संपर्क किया। एनडीएमए ने अधिनियम के विभिन्न उपबंधों का विश्लेषण करने का बीड़ा उठाया और उसे लिखित में संप्रेषित किया। एन डी एम ए के पूर्व सदस्य डॉ. मोहन काउं के पास बांटने के लिए बहुत अधिक व्यावहारिक ज्ञान था। यद्यपि भारत का योजना आयोग कार्यबल के साथ चर्चा की व्यवस्था नहीं कर सका लेकिन उसने लिखित पत्र के माध्यम से आपदा प्रबंधन के वित्तीय पहलुओं पर उपयोगी विचार संप्रेषित किए।

केंद्रीय गृह सचिव श्री आर के सिंह ने राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ अधिनियम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कार्यबल के साथ बातचीत में काफी समय व्यतीत किया और समीक्षा के संबंध में मूल्यवान तथ्य प्रस्तुत किए। श्री ए के मंगोत्रा, सचिव (सीमा प्रबंधन) ने कार्यबल को एक

सहयोग दिया। श्री पी जी धर चक्रवर्ती और श्री सुतानु बेहुरिआ, पूर्व सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन, श्री पी के बासु, तत्कालीन सचिव, कृषि और सहकारिता विभाग और श्री सुमित बोस, तत्कालीन सचिव, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय ने भी अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। श्री जे सी पंत की अध्यक्षता में उच्च शक्ति प्राप्त समिति के पूर्व सदस्य (1999-2001) श्री अनिल सिन्हा और प्रोफेसर वी के शर्मा ने हमे अंत ज्ञान का खजाना दिया है श्री जे सी पंत संभवत: पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने भारत के लिए व्यापक आपदा प्रबंधन सिस्टम की आवश्यकता पद ध्यान दिलाया है।

कार्यबल ने उनके द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशालाओं और पांच क्षेत्रीय कार्यशालाओं में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/अन्य पणधारियों की प्रतिक्रिया पर खुशी जताई। इन कार्यशालाओं में बहुत से वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया जिसका संचालन मेजबान राज्यों द्वारा शालीनता से किया गया था। कार्यबल ने ऐसे क्षेत्रों पर जिला कलक्टर से सार्थक चर्चा की जो लंबे समय से आपदा जोखिम संभावित क्षेत्र हैं। स्पष्ट फीडबैक प्रदान करने में उनकी मेहनत और अथक प्रयासों के बिना यह रिपोर्ट इतनी उपयोगी नहीं बन सकती थी।

यू एन डी पी न यू एन सिस्टम के साल्यूशन एक्सचेंज नेटवर्क पर अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर कार्यबल द्वारा तैयार प्रश्नावली को अपलोड करके, उसमें दर्ज सभी टिप्पणियों को संकलित करके और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों,

गैर-सरकारी संगठनों और अन्य सिविल सोसाइटी के सदस्यों की उत्कृष्ट कार्यशालाएं आयोजित करके महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री जी पदमनाभम, वरिष्ठ आपात स्थिति विश्लेषक और प्रभारी अधिकारी, आपदा प्रबंधन यूनिट सुश्री आभा मिश्रा और सुश्री रंजिनी मुखर्जी, परियोजना अधिकारी, यू एन डी पी का हम आभार प्रकट करते है जिन्होंने कार्यबल का सहयोग करने में अपना अमूल्य समय दिया।

हम विशेष रूप से डॉ. कृष्णा एस वत्स, क्षेत्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण सलाहकार (यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम/ब्यूरो फॉर क्राइसिस प्रीवेंशन एंड रीकवरी) और डॉ. वी तिरुप्पुगाझ, अपर सी ई ओ, गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का आभार व्यक्त करना चाहते हैं जिन्होंने कार्य बल का सहयोग करने के लिए अपना समय और ऊर्जा लगाई। डॉ. वत्स ने विस्तृत प्रश्नावली तैयार करने के अथक प्रयास किए जिनके आधार पर परामर्श किया गया। उन्होंने आपदा प्रबंधन विषय पर उपलब्ध साहित्य का अध्ययन किया और समय-समय पर बहुमूल्य योगदान दिया। डॉ. तिरूप्पुगाभा ने हाल ही में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपना डाक्टरेट पूरा किया है। उन्होंने कार्यबल के प्रयासों में योगदान करने के लिए न केवल अंतर्राष्ट्रीय बेहतर पद्धतियों का अध्ययन किया बल्कि चर्चाओं में भी भाग लिया और योगदान करने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया।

कार्यबल की अधिकांश बैठकें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान में आयोजित की गई थीं इस संस्थान न इस प्रयोजन के लिए सम्मेलन कक्ष तुरंत उपलब्ध करवाया। बैठक के संचालन के लिए सहयोग दिया और कुल मिलाकर चर्चा के लिए शांत और सहायक वातावरण प्रदान किया है। इसके अलावा, कार्यबल ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के साथ औपचारिक बैठक की जिसमें अधिनियम पर अपने विचारों पर औपचारिक रूप से प्रकाश डाला। कार्यबल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के डॉ. सतेन्द्र, कार्यकारी निदेशक, प्रोफेसर संतोष कुमार और अन्य संकाय सदस्यों तथा स्टाफ के प्रति कृतज्ञ है।

यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि पूर्व संयुक्त सचिव श्री आर के श्री वास्तव और निदेशक (आपदा प्रबंधन) श्री जे पी मिश्रा के साथ अत्याधिक सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। हम गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन प्रभाग के कई अन्य अधिकारियों का भी धन्यवाद करना चाहेंगे जिन्होंने एक वर्ष तक कार्यबल का सहयोग करने के लिए उत्साह से कड़ी मेहनत की जैसे श्री अशोक शुक्ला, उप सचिव (आपदा प्रबंधन II), श्री आशीष कुमार पांडा, अवर सचिव (आपदा प्रबंधन II) श्री चंदर भान और श्री सारत पांडा, दोनों परामर्शदाता। हम श्री आर जी पिल्लै, अध्यक्ष जी ई आर सी के निजी सहायक, जिन्होंने इस रिपोर्ट के कई अध्यायों का पहला ड्राफ्ट टाइप किया और सुश्री पदमनाभन के भी आभारी है, जिन्होंने कूपी एडिटिंग का उत्कृष्ट कार्य किया।

कार्य बल को इस कार्य में बहुत से लोगों के सहयोग दिया जिनमें से प्रत्येक व्यक्ति के नाम का यहां उल्लेख करना संभव नहीं है जैसे अन्य के साथ साथ भारतसरकार के विभिन्न विभागों और मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर जिला कलक्टर तक। उन सभी के लिए और ऐसे अन्य लोगों के प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने इस समीक्षा के लिए अत्याधिक योगदान दिया है।

कार्यबल के अध्यक्ष ने कार्यबल के सदस्यों का उल्लेख करक उनके द्वारा मूल्यवान योगदान सराहना की कार्यबल के सदस्य इस प्रकार है : डॉ. श्याम एम. अग्रवाल, सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, श्री जी वी वी वी शर्मा, संयुक्त सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग, गृह मंत्रालय और विधि एवं न्याय मंत्रालय, श्री सतीश चंद्र संयुक्त सचिव और विधिक सलाहकार, श्री चंदर वीर, उप विधायी काउंसल और श्री उदय कुमार, उप विधायी काउंसल।

नई दिल्ली (डॉ. पी. के. मिश्रा)

8 मार्च, 2013 अध्यक्ष

संक्षिप्तियां

ए आर सी	प्रशासनिक सुधार आयोग
ए टी आई	प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान
बी आर ओ	सीमा सड़क संगठन
बी एस एफ	सी सुरक्षा बल
सी ए जी	भारत का नियंत्रक महालेखा परीक्षक
सी ई ओ	मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सी आई एस एफ	केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल
सी एम सी	संकट प्रबंधन समिति
सी एम जी	संकट प्रबंधन समूह
सी आर एफ	आपदा राहत निधि
सी आर पी एफ	केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल
डी सी	जिला कलक्टर/उपायुक्त/जिला आयुक्त
डी डी एम ए	जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
डी एम	आपदा प्रबंधन
डी एम एक्ट	आपदा प्रबंधन अधिनियम
डी जी एन डी आर एफ	महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल

डी पी ए पी	सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम
डी आर डी ए	जिला ग्रामीण विकास एजेंसी
डी आर डी ओ	रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन
ई सी ओ	आपातकालीन शल्य-चिकित्सा केंद्र
एफ सी	वित्त आयोग
एफ ई एम ए	संघीय आपात प्रबंधन एजेंसी
एच पी सी	उच्च शक्ति प्राप्त समिति
एच एफ ए	योगो फ्रेमवर्क फार एक्शन
एच एल सी	उच्च स्तरीय समिति
आई सी डी एम	अंतर-सरकारी आपदा प्रबंधन समिति
आई डी एन डी आर	अंतर्राष्ट्रीय आपदा में कमी आने का दशक
आई ई सी	सूचना, शिक्षा और संप्रेषण
आई आई पी ए	भारतीय लाक प्रशासन संस्थान
आई एम डी	भारतीय मौसम विज्ञान विभाग
आई एम जी	अंतर-मंत्रालय ग्रुप
आई एस डी आर	आपदा कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यनीति
आई टी बी पी	भारत-तिब्बत सीमा पुलिस
एल बी एस एन ए ए	लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

एल डी आर आर एम एफ	स्थानीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन निधि
एम एच ए	गृह मंत्रालय
एम जी एन आर ई जी ए	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
एन डी एम	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन
एन सी सी एफ	राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि
एल सी सी एम	राष्ट्रीय विपत्ति (कलैमिटी) प्रबंधन
एन सी डी एम	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन केंद्र
एन सी एम सी	राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति
एन डी एम ओ	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कार्यालय
एन सी आर डब्ल्यू सी	संविधान की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए राष्ट्रीय आयोग
एन डी एम ए एफ	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन सलाहाकार फोरम
एन डी एम एफ	राष्ट्रीय आपदा प्रशमन निधि
एन डी पी एम सी	राष्ट्रीय आपदा निवारण और प्रशमन समिति
एन डी आर एफ	राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल/राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया निधि

एन डी आर आर एम सी	राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन समिति
एन डी एम ए	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
एन ई सी	राष्ट्रीय कार्यकारी समिति
एन ई एम ए	राष्ट्रीय आपात प्रबंधन प्राधिकरण
एन एफ सी आर	राष्ट्रीय विपत्ति राहत निधि
एन जी ओ	गैर-सरकारी संगठन
एन एच आर सी	राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
एन आई डी एम	राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान
ओ एम	कार्यालय ज्ञापन
पी एम ओ	प्रधानमंत्री कार्यालय
आर के वी वाई	राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
एस सी एम सी	राज्य संकट प्रबंधन समिति
एस डी एम ए	राज्य संकट प्रबंधन प्राधिकरण
एस डी एम एफ	राज्य आपदा प्रशमन निधि
एस डी एम ओ	एस डी एम ए का कार्यालय
एस डी आर एफ	राज्य आपदा अनुक्रिया निधि
एस ई सी	राज्य कार्यकारी समिति

एस एफ डी आर	राज्य आपदा अनुक्रिया निधि
यू एन	संयुक्त राष्ट्र
यू एन डी पी	संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
यू एन आई एस डी आर	संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यनीति
यू एस ए	संयुक्त राज्य अमरीका
यू टी	संघ राज्य क्षेत्र